# About Immunoglobulin (Ig)

## NAATI translated to Hindi

## इम्युनोग्लोब्युलिन क्या है?

प्रतिरक्षा प्रणाली में कोशिकाएं बैक्टीरिया और वायरस से होने वाले संक्रमणों से शरीर की सुरक्षा के लिए प्रतिरक्षी (इम्युनोग्लोब्युलिन) बनाती हैं। विभिन्न चीजों को लक्ष्य बनाने वाले विभिन्न इम्युनोग्लोब्युलिन होते हैं।

इम्युनोग्लोब्युलिन (Ig) प्रोडक्ट्स ब्लड डोनेट करने वाले के प्लाज्मा से बनाए जाते हैं, जिसे इम्युनोग्लोब्युलिन्स की एक श्रृंखला तैयार करने के लिए शोधित किया जाता है। इससे प्रतिरक्षी कमियों और ऑटोइम्यून स्थितियों का उपचार होता है। Ig को तैयार करना जटिल है और यह एक सीमित संसाधन है, क्योंकि यह ब्लड और प्लाज्मा डोनेट करने वालों की ओर से नियमित डोनेशंस (दान) पर निर्भर करता है।

इम्युनोग्लोब्युलिन G (IgG) ब्लड और शरीर के अन्य फ्लुइड्स (द्रव-पदार्थों) में पाया जाने वाला सबसे सामान्य इम्युनोग्लोब्युलिन है। इंट्रावेनस इम्युनोग्लोब्युलिन (IVIg) और सबक्युटेनियस इम्युनोग्लोब्युलिन (SCIg) का उपयोग कई प्रतिरक्षी कमियों और ऑटोइम्यून स्थितियों के उपचार में किया जाता है। ब्लड में IgG के लेवल्स को बनाए रखने के लिए Ig थेरेपी नियमित तौर पर दी जाती है।

## Ig कैसे बनता है और क्या यह सुरक्षित है?

### संक्षेप में:

1. Ig प्रोडक्ट्स प्लाज्मा से लिए जाने वाले इम्युनोग्लोब्युलिन्स से बनाए जाते हैं। प्लाज्मा को स्वस्थ डोनर्स द्वारा डोनेट किया जाता है; Ig प्रोडक्ट्स सिंथेटिक तरीके से नहीं बनाए जा सकते। Ig प्रोडक्ट्स के प्रत्येक बैच को बनाने के लिए, हजारों मानवीय ब्लड प्लाज्मा डोनेशन की जरूरत होती है।

2. प्रोडक्ट के सुरक्षित होने को सुनिश्चित करने के लिए Ig को एकल और निर्मित करना कड़ाई से नियंत्रित और व्यवस्थित होता है, और इसमें खून से उत्पन्न होने वाले वायरस के लिए जांच, तथा पैथोजेन हस्तांतरण के संभावी खतरे को कम करने के लिए विनिर्माण चरण शामिल हैं।

3. Ig प्रोडक्ट्स का दशकों से उपयोग किया जा रहा है और इनका एक उत्कृष्ट सुरक्षा रिकॉर्ड है।

# किसे इसकी जरूरतै?


आपके शरीर के पर्याप्त इम्युनोग्लोब्युलिन नहीं बनाने पर इम्युनोग्लो-ब्युलिन थेरेपी दी जाती है। यह प्राइमरी (एक दुर्लभ वंशागत कमी के कारण होता है) और सेकेंडरी (कीमोथेरेपी या प्रतिरक्षण को दबाने वाले अन्य उपचारों के कारण) प्रतिरक्षी कमियों में होता है। इसे इम्युनो-ग्लोब्युलिन रिप्लेसमेंट कहा जाता है, क्योंकि यह संक्रमणों को कम करने में मदद के लिए आपके गायब इम्युनोग्लोब्युलिन्स का स्थान लेने की कोशिश करता है।

इम्युनोग्लोब्युलिन थेरेपी को ऑटोइम्यून स्थितियों में भी दिया जा सकता है। यह तब होता है कि जब आपका प्रतिरक्षी तंत्र आपके अपने शरीर पर हमला करता है, इसकी कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, उदाह-रण के लिए, कुछ न्यूरॉजिकल स्थितियां और वैस्क्युलिटिस जैसी सामान्य सूजन की स्थितियां या रक्त संबंधी कुछ विकार। ऐसा माना जाता है कि इम्युनोग्लोब्युलिन प्रतिरक्षी तंत्र को आपकी अपनी कोशिकाओं पर हमला करने से रोकने में मदद करता है। इसे अक्सर इम्युनोमॉड्यूलेशन कहा जाता है, जिसमें यह आपके प्रतिरक्षी तंत्र में बदलाव करने की कोशिश करता है।

इम्युनोग्लोब्युलिन थेरेपी केवल स्वीकृत मेडिकल स्थितियों में ही दी जा सकती है। Australia और New Zealand में, Ig के उपयोग के लिए मेडिकल स्थितियों को बताने वाला विशिष्ट मापदंड है। Australia में, Ig के उपयोग के मापदंड का निर्णय National Blood Authority करती है और इस मापदंड की समीक्षा स्पेशिलि-स्ट डॉक्टर नियमित तौर पर करते हैं। कभी-कभी वैकल्पिक उपचारों का उपयोग किया जा सकता है या वे आपकी विशेष स्थिति के लिए बेहतर हो सकते हैं। जब आप Ig थेरेपी प्राप्त करते हैं, तो इसके कारगर होने को सुनिश्चित करने के लिए आपकी नियमित तौर पर समीक्षा की जाएगी। कभी-कभी आपके डॉक्टर Ig थेरेपी को लेकर आपकी प्रतिक्रिया का आकलन करने के लिए आपकी डोज (खुराक) में बदलाव कर सकते हैं या इसे रोक सकते हैं। अगर इम्युनोग्लोब्युलिन आपकी स्थिति में सुधार करने में मदद करने में असफल होता है तो इसे रोका जा सकता है।

# इम्युनोग्लोब्युलिन थेरेपी इंट्रावेन्स (IV) या सबक्युटेनियस इम्युनोग्लोब्युलिन (SC) हो सकती है।

Ig डोज की गणना इस आधार पर की जाती है कि आपके वजन, आपके इम्युनोग्लोब्युलिन ब्लड लेवल्स, आपके उपचार को कितनी अच्छी तरह बर्दाश्त किया गया है।



# इंट्रावेनस Ig (IVIg) के बारे में

## इंट्रावेनस Ig (IVIg)

इम्युनोग्लोब्युलिन एक 'ड्रिप' के जरिए एक नस में इंट्रावेनस तरीके से दिया जाता है।

यह हॉस्पिटल या डे ट्रीटमेंट सेंटर में एक हेल्थकेयर प्रोफेशनल (डॉक्टर या नर्स) द्वारा दिया जाता है।

अधिकतर लोगों को IVIg की प्रत्येक 3 से 4 सप्ताह में जरूरत होती है।

प्रति इनफ्युजन 2-8 घंटे लग सकते हैं।

आपके उपचार के शेड्यूल के आसपास यात्रा और छुट्टियों की योजना बनाने की जरूरत होगी।

## IVIg के दुष्प्रभाव क्या हैं?

अच्छी तरह हाइड्रेट रहें। इनफ्युजन से पहले दिन की शुरुआत में पानी पिएं, क्योंकि बहुत से लोगों ने बताया है कि इससे मदद मिलती है।

अगर आप इनफ्युजन के किसी भी स्तर पर अस्वस्थ महसूस करते/करती हैं, इसके बारे में अपनी नर्स को जरूर बताएं।

IVIg से आपके इम्युनोग्लोब्युलिन लेवल्स तेजी से बढ़ते हैं और इसके कुछ दिनों बाद तक इनफ्युजन से आपके रिकवर होने के दौरान आप थकान या अस्वस्थ महसूस कर सकते/सकती हैं।

अगले सप्ताहों में Ig लेवल्स नीचे गिरने के साथ, आपके शरीर में संक्रमण से लड़ने की क्षमता कम हो सकती है।

## IVIg के लिए मरीजों के लिए सुझाव

अच्छी तरह हाइड्रेट रहें। इनफ्युजन से पहले दिन की शुरुआत में पानी पिएं, क्योंकि बहुत से लोगों ने बताया है कि इससे मदद मिलती है।

अगर इनफ्युजन के बाद आपको सिरदर्द होता है, तो पैरासिटामोल से मदद मिल सकती है। अगर आपको सिरदर्द में पैरासिटामोल से मदद नहीं मिलती है, तो कृपया उस हॉस्पिटल से संपर्क करें जहां आपका इनफ्युजन हुआ था या हॉस्पिटल के इमरजेंसी डिपार्टमेंट में जाकर उन्हें बताएं कि आपने IVIg लिया था और आपको काफी सिरदर्द हो रहा है। अगर आपको इनफ्युजन के बाद कोई अन्य लक्षण हैं जिनसे आप चिंतित हैं, तो कृपया अपने स्पेशलिस्ट या संबंधित मेडिकल टीम आदि से सलाह के लिए संपर्क करें।

स्वास्थ्य के लिए हितकर आहार लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अपने दायरे को जानें और अपना शारीरिक और मानसिक दोनों तौर पर ख्याल रखें।

# सबक्युटेनियस Ig (SCIg) के बारे में

## सबक्युटेनियस Ig (SCIg)

इम्युनोग्लोब्युलिन स्किन के नीचे फैटी टिश्यूज में एक छोटी प्लास्टिक ट्यूब और एक बारीक नीडल के जरिए दिया जाता है।

एक नर्स या डॉक्टर द्वारा इस प्रक्रिया की ट्रेनिंग मिलने के बाद, आप या एक देखभाल करने वाला व्यक्ति घर पर आपकी सुविधा और दिनचर्या के अनुसार समय पर आपको उपचार दे सकेंगे।

SCIg को आमतौर पर आपकी डोज, इम्युनोग्लोब्युलिन लेवल्स और आप कितना अच्छा महसूस कर रहे/रही हैं, इसके आधार पर साप्ताहिक दिया जाता है।

आपको अक्सर हॉस्पिटल जाने की जरूरत नहीं होगी लेकिन आपको आपके थेरेपी योजना का पालन करना होगा।

IVIg से जुड़े 'वियर ऑफ/टेपरिंग प्रभाव' SCIg में नहीं होते हैं।

आप यात्रा और छुट्टियों पर अपने साथ अपना SCIg ले जा सकते/सकती हैं।

## SCIg के दुष्प्रभाव

सुई लगाए जाने के स्थान पर सूजन हो सकती है।

कभी-कभी इनफ्युजन के स्थान पर एक लाल रंग की गांठ या खुजली हो सकती है जो एक या दो दिन तक रह सकती है।

## SCIg के लिए मरीजों के लिए सुझाव

अच्छी तरह हाइड्रेट रहें। इनफ्युजन से पहले दिन की शुरुआत में पानी पिएं, क्योंकि बहुत से लोगों ने बताया है कि इससे मदद मिलती है।

अगर इनफ्युजन के बाद आपको सिरदर्द होता है, तो पैरासिटामोल से मदद मिल सकती है। अगर आपको सिरदर्द में पैरासिटामोल से मदद नहीं मिलती है, तो कृपया उस हॉस्पिटल से संपर्क करें जहां आपका इनफ्युजन हुआ था या हॉस्पिटल के इमरजेंसी डिपार्टमेंट में जाकर उन्हें बताएं कि आपने SCIg लिया था और आपको काफी सिरदर्द हो रहा है। अगर आपको इनफ्युजन के बाद कोई अन्य लक्षण हैं जिनसे आप चिंतित हैं, तो कृपया अपने स्पेशलिस्ट या संबंधित मेडिकल टीम आदि से सलाह के लिए संपर्क करें।

स्वास्थ्य के लिए हितकर आहार लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अपने दायरे को जानें और अपना शारीरिक और मानसिक दोनों तौर पर ख्याल रखें।

प्रत्येक सप्ताह इनफ्युजन समान स्थान/साइट (पेट या जांघ) पर दें जब तक तक स्थान रिकवर हो गया है (कोई सूजन या परेशानी नहीं है)। समान स्थान/साइट का उपयोग करने से आपके शरीर को इनफ्युजन का आदी होने में मदद मिलती है और इससे आपका शरीर इसे जल्द सहन कर पाता है। कुछ लोग स्थान/साइट को बदलते रहते हैं जिससे उन्हें इनफ्यूज के लिए अधिक विकल्प मिलते हैं।

नीडल को डालने से 30 सेकेंड पहले साइट पर एक आइस पैक रखने से आपकी स्किन को सुन्न करने और नीडल को डालने से आपको होने वाली परेशानी को कम करने में मदद मिलती है।

इंजेक्शन के बाद 4 घंटे तक आइस पैक नहीं रखने की सलाह दी जाती है जिससे पर्याप्त पहुंच हो सके।

## SCIg को कैसे ले जाएं और स्टोर करें।

प्रोडक्ट्स के स्टोरेज तापमान अलग-अलग हो सकते हैं। आपके विशिष्ट प्रोडक्ट को कैसे ले जाना और स्टोर करना है, इस बारे में अपनी नर्स से पूछना सुनिश्चित करें। प्रोडक्ट इनफॉर्मेशन में भी जानकारी उपलब्ध है। कुछ प्रोडक्ट्स को रेफ्रीजरेटेड करने की जरूरत होती है, जबकि अन्य प्रोडक्ट्स को 25 डिग्री से कम या कमरे के तापमान पर स्टोर किया जा सकता है।

अगर आपके पास मौजूद प्रोडक्ट को रेफ्री-जरेटेड करने की जरूरत है और आपके यहां बिजली चली गई है या आपका रेफ्रीजरेटर काम नहीं कर रहा (6 घंटे से अधिक), तो कृपया अपनी SCIg नर्स या स्पेशिलिस्ट से जितनी जल्दी हो सके संपर्क करें।

## SCIg के साथ इंटरनेशनल ट्रैवल (अंतर्राष्ट्रीय यात्रा) कैसे करें

SCIg के एक ब्लड प्रोडक्ट होने के कारण, इसे विदेश ले जाने के लिए विशेष अनुमतियों के साथ ही इसके सही ट्रांसपोर्टेशन और स्टोर करे के लिए प्रक्रियाओं की जरूरत होती है।

जितनी जल्दी हो सके या आपकी यात्रा से कम से कम 5 सप्ताह पहले, आपको अपनी SCIg नर्स या स्पेशिलिस्ट से जानकारी लेने के लिए संपर्क करना होगा जिससे एक एक्सपोर्ट परमिट और एक पेशेंट लेटर की व्यवस्था की जा सके। आपके जाने की तिथि के निकट आपके प्रोडक्ट को पहुंचाने के लिए व्यवस्थाएं की जाएंगी।

अधिक जानकारी Victorian Blood Matters वेबपेज पर उपलब्ध है **https://www2.health.vic.gov.au/about/publications/factsheets/scig-patient-overseas-holiday**

चिकित्सीय पेशवरों और रोगी संगठनों ने यह सुनिश्चित करने के लिए इस दस्तावेज़ की समीक्षा की है कि इसमें दी गई जानकारी सही हैऔर विषय से जुड़ी है।

इसके लिए हमें AusPIPS Medical and Scientific Advisory Panel के इनपुट दिया है।

हमें नीचे दिए गए पेशेंट ऑर्गनाइजेशंस ने इस डॉक्यूमेंट की समीक्षा और इसे स्वीकृति देने में मदद की है:

CSL Behring (Australia) Pty Ltd की ओर से एक निरंतर एजुकेशनल ग्रांट (शैक्षिक अनुदान) द्वारा समर्थित

© कॉपीराइट AusPIPS Inc 2021

AusPIPS Inc.
w: www.auspips.org.au e: info@auspips.org.au p: 0499 040 293 m: P.O. Box 200, Yarra Junction, Victoria 3797
ABN: 94 605 209 934 Victoria Association Register Number: A0062680W